एक नजर

पिता की अस्थियां विसर्जित करने जा रहे मां-बेटे की सड़क हादसे में मौत

बाराबंकी। पिता की अस्थियां गोमती नदी में विसर्जित करने जा रहे बेटे -मां की सोमवार को सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हुई। कोठी थाना क्षेत्र के भानमऊ चौराहे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और कुचलते हुए फरार हो गया। एक सप्ताह में परिवार के तीनलोग की मौत से कोहराम मचा है।मृतकों की पहचान जैदपुर थाना क्षेत्र के पारादीपुर गांव निवासी सर्वेश कुमार वर्मा (37) और उनकी मां शर्मावती वर्मा (60) के रूप में हुई है। दोनों अवसानेश्वर महादेव मंदिर के पास गोमती नदी में दिवंगत पिता की अस्थियां व कपड़े विसर्जित करने जा रहे थे। हादसे में मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई।सूचना पर पहुंची कोठी पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भानमऊ चौकी प्रभारी संतोष कुमार पाल ने बताया कि फरार वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

वीरांगना ऊदा देवी पासी के बलिदान दिवस पर निकली दीप पदयात्रा



निन्दूरा, बाराबंकी। 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अदम्यसाहस, वीरता और अपराजेय संकल्प का परिचय देने वाली वीरांगना ऊदा देवी पासी के बलिदान दिवस पर सोमवार को दीप पदयात्रा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अंबेश्वर महादेव मंदिर से हुआ। पदयात्रा हेमापुरवा और अंबरपुर होते हुए पुन: अंबेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यहां उपस्थित लोगों ने मोमबत्ती जलाकर वीरांगना ऊदा देवी पासी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके शौर्य को नमन किया।इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि वीरांगना ऊदा देवी पासी ने 1857 के संग्राम में 36 अंग्रेज सैनिकों का संहार कर मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीश रावत ने पासी समाज से एकजुट होकर सामाजिक उत्थान और राष्ट्र सेवा के लिए संघर्ष करने की अपील की।इस मौके पर दीपक यादव, नीरज रावत, सुनील रावत, सहजराम प्रधान, राजमल रावत, सोहन रावत, सोहन लाल, सूरज रावत, मुकेश रावत, आदर्श रावत, विवेक रावत, ओमजीत मौर्या सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

तालाब में मिला मिस्त्री का शव, हत्या की आशंका

मसौली, बाराबंकी। शहाबपुर टोल प्लाजा के पास फौजी ढाबे के निकट सोमवार देर रात तालाब में 30 वर्षीय युवक का शव उतराता मिला। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकलवाया। मंगलवार सुबह परिजनों ने मृतक की पहचान करसंडा गांव निवासी हसन अली पुत्र शेर अली के रूप में की।मृतक बाराबंकी बस स्टैंड के पास बाइक मरम्मत का काम करता था। वह सोमवार सुबह घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। पत्नी नाजिया बानो ने गांव के रियाज समेत कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि पुरानी रंजिश में पति को धमकी दी गई थी।

पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की दो मासूम बेटियां हैं। थाना प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

आज से शुरू होगी श्रीमद्भागवत कथा, निकलेगी भव्य कलश यात्रा

निन्दूरा, बाराबंकी। कुर्सी थाना क्षेत्र के ग्राम ताला स्थित नवनिर्मित श्री इच्छापूर्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 17 नवंबर से साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार सुबह नौ बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसके बाद कथा का शुभारंभ होगा।

कार्यक्रम आयोजक अक्षयलाल चौहान ने बताया कि कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल होंगी। धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मंदिर समिति ने कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

36 घंटे के व्रत का किया पारण

निन्दूरा, बाराबंकी। विकासखंड निन्दूरा क्षेत्र के ग्राम ताला सहित आसपास के गांवों में सोमवार को लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। भोर होते ही व्रती महिलाएं छठ घाटों पर पहुंचीं और विधि-विधान से उगते सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं आरोग्यता की कामना की।पूजा-अर्चना के बाद व्रतियों ने 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण किया। छठ घाटों पर डीजे, बैंड-बाजे और भोजपुरी लोकगीतों के बीच भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने छठी मैया के जयकारे लगाए।ग्राम ताला के अलावा बिसई, मदीनपुर, दौलतपुर, जयकरनपुरवा, कुम्हारपुर, नई बस्ती, दीनपनाह और कंचनापुर सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भी छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया।

राम बारात में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे, के.पी तिवारी ने उतारी आरती

रामनगर, बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के चुरौलिया गांव में आयोजित अष्टम श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत रविवार देर रात भव्य कलेवा एवं राम बारात निकाली गई। गांव की गलियों से गुजरी राम बारात में डीजे की धुन और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।मुख्य अतिथि भाजपा नेता केपी तिवारी ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी और पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और संस्कारों की प्रेरणा देता है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक आस्था को मजबूत करते हैं। इससे पूर्व केपी तिवारी ने सूरतगंज क्षेत्र के जैतपुर गांव पहुंचकर छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और रामलीला कार्यक्रम में सहभागिता की। इस मौके पर इंद्र कुमार त्रिवेदी, सुशील शुक्ला, ननकू चौहान, आशुतोष शुक्ला, संजीव चौहान, शेर बहादुर सिंह, सर्वेश मिश्रा, मोनू पांडे और गौरव मिश्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

स्टेट रिव्यू टीम ने सीएचसी सिरौलीगौसपुर की स्वास्थ्य सेवाओं को परखा

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर का सोमवार को स्टेट रिव्यू टीम ने निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखी। डॉ. अश्विनी मिश्रा के नेतृत्व में पहुंची टीम ने सबसे पहले ओपीडी में मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।प्रसव कक्ष, टीकाकरण कक्ष, दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी, इमरजेंसी और भर्ती वार्ड का निरीक्षण किया। टीम ने दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति, उपकरणों की स्थिति और अस्पताल के अभिलेखों की जांच की। जहां कमियां मिलीं, वहां सुधार के निर्देश दिए।

भाजपा की जिला कार्यशाला में मतदाता जोड़ो अभियान को सफल बनाने पर जोर

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर मतदाता जोड़ो अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए संगठनात्मक स्तर पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता जोड़ो अभियान संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उसकी भागीदारी सुनिश्चित करना सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का उद्घाटन,तीस तक चलेगा आयोजन



सीतापुर। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग सीतापुर द्वारा सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। 16 नवंबर से 30 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकना केवल प्रशासन या परिवहन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही किसी परिवार की खुशियां उजाड़ सकती है। इसलिए वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अपनी आदत में शामिल करें। उन्होंने अभियान को जन आंदोलन बनाने और अधिक से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाने पर जोर दिया। यातायात नियमों का पालन केवल कानून के डर से नहीं, बल्कि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए करना चाहिए। सुरक्षित यात्रा के लिए निर्धारित गति सीमा का पालन करना, गलत दिशा में वाहन न चलाना और यातायात संकेतों का सम्मान करना बेहद जरूरी है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना सीधे तौर पर अपनी जिंदगी को खतरे में डालने जैसा है। वाहन चालक को सड़क पर पूरी सावधानी और एकाग्रता के साथ वाहन चलाना चाहिए। मोबाइल पर बातचीत या अन्य गतिविधियों से बचना चाहिए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने कहा कि 30 नवंबर तक जनपद में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

आल्हा गायन से झूमा भरतकुंड जागरण सम्राट धर्मेंद्र पांडे ने बांधा समां

अयोध्या। नंदीग्राम स्थित महायोगी भरत की तपोभूमि भरतकुंड में चल रहे 28वें भरतकुंड महोत्सव के चौथे दिन कला, अध्यात्म और संस्कृति का संगम देखने को मिला। दिनभर विभिन्न प्रतियोगिताओं और धार्मिक कार्यक्रमों के बाद शाम को सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा।महोत्सव के चौथे दिन स्वदेश संस्थान के नेतृत्व में चित्रकला, मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। निदेशक एसबी सागर प्रजापति के निर्देशन में हुई प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार पांडे, संस्थापक सचिव अंबरीश चंद्र पांडे और वरिष्ठ चित्रकार अंबरीष श्रीवास्तव ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर किया व्रत का पारणा

महमूदाबाद (सीतापुर)। सुख, समृद्धि व पुत्र प्राप्ति की कामनाओं को पूर्ण करने वाला छठ पर्व पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार की शाम को अस्ताचल की ओर जाने वाले सूर्य व सोमवार की सुबह उगते हुये सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाओं ने छठ पूजा की। कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को छठ पूजा का विधान है। संतान की लम्बी उम्र और परिवार की सुख समृद्धि के लिए छठ पूजा के दिन महिलाओं द्वारा नदी, तालाब या जलाशय में क्षेत्र भर से हजारों महिलाओं ने उगते सूर्य देवता को अर्घ्य देकर व्रत का पारायण किया। छठ पूजा आलोक (प्रकाश) के देव सूर्य की उपासना का पर्व है। चार दिनों तक चलने वाली छठ पूजा सोमवार को सूर्योदय के पश्चात सूर्य को अर्घ्य देकर समाप्त हुयी। पूजा वाले घरों में व्रती महिलाओं ने 36 घंटें निर्जला रहकर सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात् पूजन-हवन कर प्रसाद ग्रहण करके व्रत को तोड़ा। कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को छठ पूजा की उमंग चरम पर होती है। रविवार की सायं को महिलाएं घाट में अस्ताचलगामी सूर्य देव की आरती उतारकर आंचल फैलाकर संतान व परिवार की खुशहाली मांगी। सूप, चौरा, टोकरी, सूपती, ठेकुआ, दिया, चौमुख, फ्ल फूल ईख, सेब, केला, अमरूद, अनार, संतरा, नींबू, नारियल, अदरक, हल्दी, सिंघाडा, चना, अक्षत, चावल आदि सामाग्रियों का प्रयोग पूजन में किया। 36 घंटें निर्जला व्रत रखकर सुबह उगते सूरज को अर्घ्य के बाद सूप और डलिया की सामग्री व्रती महिलाओं के द्वारा वेदी पर चढ़ाई गयी। इसके साथ महिलाओं ने व्रत का पारण किया।

इस अवसर पर कमलावती, मंजू देवी, मेनका, मालती देवी, आरती, निशा, भगवती देवी, मीना, आशा, उर्मिला देवी, सुमन, ममता, खूशबू देवी, अनीता उपाध्याय, दिव्या, रजनी देवी, सुलोचना, सत्यवती सहित हजारों महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारायण किया। मां संकटा देवी धाम स्थित पवित्र सरोवर के घाट पर धाम समिति के ओर से व्रती महिलाओं के पूजन-अर्चन के लिये विशेष व्यवस्था की गयी। रामपुर मथुरा क्षेत्र में भारी संख्या में पूर्वांचल के रहने वाले लोगों के परिवारों की महिलाओं ने अनेक सरोवरों तथा गोबरहिया, चौका, सुमली एवं घाघरा नदी के तटों पर जाकर पूजन-अर्चन किया। महिलाएं कई लोकगीत गाकर भगवान सूर्य देवता को प्रसन्न करने में लगी थी। छठ पूजा के अवसर पर मां संकटा देवी धाम में समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, मोहन प्रसाद बारी, विजय बारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

वीरांगना ऊदा देवी पासी बलिदान दिवस पर गोष्ठी का आयोजन



सीतापुर। सोमवार को समय 11.00 बजे जिला मुख्यालय के लोहारबाग सीतापुर में समाजवादी पार्टी कार्यालय में वीरांगना ऊदा देवी पासी जी बलिदान दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी ने की। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष ने नेताओं के साथ वीरांगना ऊदा देवी पासी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही सभी नेतागण व् उपस्थित पदाधिकारी गणों ने भी वीरांगना ऊदा देवी पासी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी ने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध अदम्य साहस, वीरता और देशभक्ति का परिचय देते हुए स्वतंत्रता संग्राम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका संघर्ष, त्याग और बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। उनका जीवन हमें अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करने, साहस एवं स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। विधायक अनिल वर्मा ने कहा कि 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की अमर नायिका, अदम्य साहस और शौर्य की प्रतीक महान वीरांगना ऊदा देवी पासी जी के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि। मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए 16 नवंबर 1857 को लखनऊ के सिकंदर बाग में वीरांगना ऊदा देवी पासी जी ने जिस वीरता का परिचय दिया। वह इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। उन्होंने अकेले ही पीपल के वृक्ष पर मोर्चा संभालकर 36 ब्रिटिश सैनिकों को धूल चटाई और अंतत: देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस अवसर पर गोष्ठी मे मुख्य रूप से विधायक अनिल वर्मा, जिला कार्यालय प्रभारी जय सिंह यादव, कौशलेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष अनस खान, नादिर प्रधान, पूर्व नगर अध्यक्ष रियाज अंसारी, जिलाध्यक्ष छात्र सभा शिवम सिंह, विधानसभा अध्यक्ष श्याम किशोर पाल, खुशीराम पासी, मनोज भारती, मनोज राठौर, राजकिशोर गौतम, अनिल कुमार पासी, विष्णु राठौर, शिवचरण राजवंशी, दीपक राजवंशी, दीपेश राजवंशी, दिनेश मिश्रा, मोतीलाल कनौजिया, राजकुमार पाल, सहित कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

चाचा ने भतीजी से किया दुष्कर्म मुकदमा दर्ज

महमूदाबाद (सीतापुर)। महमूदाबाद में छह वर्षीय बच्ची के साथ गलत हरकत करने का मामला सामने आया है। बच्ची की मां ने अपने देवर पर घर में बच्ची के साथ गलत काम करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला 11 नवंबर को अपने पति और छह वर्षीय बेटी के साथ मायके कलिमापुर गई थी।

14 नवंबर को उसका पति बेटी को लेकर गांव लौट आया, जबकि महिला मायके में ही रुक गई। 15 नवंबर को पुन: पिता बेटी को मां के पास छोड़ आया। आरोप है कि 15 नवंबर को बच्ची की तबीयत खराब होने पर मां ने उससे पूंछा तो उसने चाचा द्वारा गलत हरकत किए जाने की बात बताई। बच्ची के प्राइवेट पार्ट में चोट के निशान और खून निकलने की बात भी तहरीर में कही गई है। महिला ने अपने देवर संदीप उर्फ छोटू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल सत्येंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

श्रृद्धालुओं के विरोध और लगातार मांग के बाद हटाई गई खंडित प्रतिमा



हरगांव (सीतापुर)। आदर्श नगर पंचायत हरगांव के प्राचीन पौराणिक एवं ऐतिहासिक सूर्यकुंड तीर्थ में आखिरकार भगवान भोलेनाथ की खण्डित प्रतिमा को हटाकर नई भव्य प्रतिमा स्थापित करा दी गई। करीब एक वर्ष से चल रहे इस मामले में श्रृद्धालुओं की लगातार मांग और विरोध के बाद नगर पंचायत प्रशासन ने रविवार पन्द्रह नवंबर को प्रतिमा बदलने की कार्रवाई पूरी कराई। गौरतलब है कि करीब एक वर्ष पूर्व नगर पंचायत की ओर से सूर्यकुंड तीर्थ के मध्य भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित कराई गई थी। प्रतिमा स्थापना के कुछ समय बाद ही उसके खंडित होने की जानकारी सामने आई तो श्रद्धालुओं में नाराजगी फैल गई। लोगों ने धार्मिक आस्था से जुड़े इस मामले को गंभीरता से लेते हुए खंडित प्रतिमा हटाकर नई प्रतिमा स्थापित कराने की मांग उठाई। इसको लेकर नगर पंचायत प्रशासन को विरोध और जन भावनाओं का सामना करना पड़ा। मामले को लेकर राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू भी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय के बीच नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खां से वार्ता कर खंडित प्रतिमा तत्काल हटवाने और उसके स्थान पर नई प्रतिमा स्थापित कराने की मांग रखी थी। काफी देर तक चली बातचीत के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष ने आगामी कार्तिक पूर्णिमा से पहले प्रतिमा बदलवाने का आश्वासन दिया था। इसके बाद राष्ट्रीय करणी सेना की हरगांव इकाई के अध्यक्ष सौरभ सिंह चौहान भी लगातार इस मांग को उठाते रहे। प्रतिमा बदलने का मामला लंबे समय तक स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बना रहा। आखिरकार जनसमुदाय के बीच किए गए वादे के अनुरूप नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खां ने रविवार को दोपहर करीब दो बजे पुरानी खंडित प्रतिमा हटवाकर भगवान नीलकंठेश्वर महादेव की नई भव्य प्रतिमा स्थापित करा दी। भगवान भोले नाथ की मूर्ति स्थापना में पूरे मनोयोग से अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई। प्रतिमा स्थापना से पहले नगर पंचायत अध्यक्ष ने क्षेत्रीय विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष पंकज शुक्ल तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुणेश त्रिपाठी के साथ तीर्थ परिसर का निरीक्षण किया। प्रतिमा बदलने की पूरी प्रक्रिया के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। पुलिस की निगरानी में पुरानी प्रतिमा हटाकर नई प्रतिमा स्थापित कराई गई। करीब एक वर्ष से चली आ रही मांग पूरी होने के बाद सूर्य कुण्ड तीर्थ में नई शिव प्रतिमा स्थापित हो गई है। श्रृद्धालुओं की लंबे समय से उठाई जा रही मांगविराम लगा है।

शराब पीकर पत्नी से मारपीट, पति और देवर पर मुकदमा

मवई-अयोध्या। पटरंगा थाना क्षेत्र में शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पति और देवर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।ग्राम मखदूमपुर निवासी राधा पत्नी रामू ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उसका पति आए दिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज करता है। सोमवार सुबह वह काम पर जा रही थी। इसी दौरान मखदूमपुर नहर के पास उसका पति रामू मिल गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। आरोप है कि इसी बीच उसका देवर राजेश भी मौके पर पहुंच गया और वह भी गाली-गलौज करने लगा। दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने शरीर पर चोट के निशान होने की बात भी कही है।प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रामू और राजेश के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक रामसागर गुप्ता को सौंपी गई है।

एक नजर

युवती की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, धान के खेत में छिपाया था शव

रामनगर, बाराबंकी। थाना क्षेत्र में युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने सुल्तानापुर निवासी सुशील कुमार पुत्र रामसिंह को चंदनापुर गांव के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने युवती की गला दबाकर हत्या करने के बाद शव धान के खेत में छिपा दिया था। पूछताछ में आरोपी ने युवती से मिलने और विवाद होने के बाद गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने मुकदमे में हत्या और साक्ष्य मिटाने की धाराएं बढ़ाई हैं। हालांकि बरामद कंकाल की डीएनए जांच रिपोर्ट आना अभी बाकी है। पुलिस अन्य संभावित संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

डीएपी खाद के लिए समिति पर किसानों की लंबी कतार, 250 बोरियों में सिमटी आपूर्ति



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। रबी फसल की बुवाई का समय नजदीक आते ही डीएपी खाद की मांग बढ़ गई है। सोमवार को गजपतीपुर सहकारी समिति पर खाद लेने के लिए सुबह से ही किसानों की लंबी कतार लग गई। सीमित उपलब्धता के चलते किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा।समिति के अनुसार किसानों के लिए डीएपी की 250 बोरियां उपलब्ध कराई गई थीं, जिनका वितरण किया जा रहा है। खाद लेने के लिए सैकड़ों किसान समिति परिसर पहुंचे। वितरण के दौरान प्रशासनिक कर्मचारी भी मौजूद रहे, लेकिन खाद की कमी को लेकर किसानों में नाराजगी दिखाई दी।किसानों का कहना है कि रबी की बुवाई के महत्वपूर्ण समय में पर्याप्त खाद नहीं मिलने से खेती का काम प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग की कि सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसानों को खाद के लिए बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

कृषक दुर्घटना के चार लाभार्थियों को पांच-पांच लाख की आर्थिक सहायता



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में कृषक दुर्घटना योजना के चार लाभार्थियों को पांच-पांच लाख रुपये के डमी चेक प्रदान किए।मंत्री ने निरंजन सआदतगंज, मीरादेवी प्यारेपुर, रामावती वीरकिठाई और पुनीत शुक्ला खोर एत्मादपुर को आर्थिक सहायता के चेक सौंपे। इस दौरान एसडीएम अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार वीर बहादुर सिंह मौजूद रहे।इसके बाद मंत्री ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि सरकार ने पोर्टल के माध्यम से स्वगणना की सुविधा उपलब्ध कराई है। उन्होंने लोगों से जनगणना में भाग लेने और प्रगणकों को परिवार से संबंधित सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य 16 से 30 नवंबर तक संचालित होगा।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मुलायम सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सुशांत द्विवेदी, पुष्पेंद्र शुक्ला अंशू, बृजेश वर्मा, शुभम, नागेंद्र प्रताप सिंह, विकेश वर्मा, आदित्य वर्मा, अमित मौर्य, विजय प्रताप सिंह, तूफान सिंह, चंद्रभान रावत और जयप्रकाश वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भाभी की हत्या करने वाला देवर गिरफ्तार

महमूदाबाद (सीतापुर)। रामपुरकलां के मंदुरी में 30 वर्षीय महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने नामजद मृतका के देवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। 14 नवंबर को मंदुरी की पिंकी (30) पत्नी प्रदीप का शव गांव से बाहर सुरजनपुर के दुर्गेश सिंह की यूकेलिप्टस की बाग में पड़ा मिला था। घटना के संबंध में पति प्रदीप से अपने भाई अनूप समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। केस दर्जकर पुलिस मामले की जांच के रही थी। जांच के दौरान प्रकाश में आया कि मृतका पांच-छह माह पूर्व ही अपने देवर अनूप के साथ घर से भाग गई थी किंतु बाद में नाते-रिश्तेदारों की मध्यस्थता पर वापस आ गई थी। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि पिंकी नहीं चाहती थी कि उसके आशिक देवर अनूप की कहीं अन्य शादी हो। अनूप को अब भाभी का प्यार अखरने लगा था तथा वह अन्यत्र शादी कर घर बसाना चाहता था, किंतु कोई रिश्ता आने पर भाभी रोड़ा बन जाती थी। इसीबात को लेकर अनूप ने भाभी को मौत के घाट उतार दिया। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर मंदुरी के अनूप कुमार पुत्र महेश को थानाध्यक्ष लल्ला गोस्वामी, आरक्षी संदीप कुमार और विशेष कुमार ने गांव के पास से सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया।

युवक ने की आत्महत्या, सीतापुर से पहुंची फारेंसिक टीम ने की जांच पड़ताल

हरगांव (सीतापुर)। थाना क्षेत्र के ग्राम हड़हन पुरवा में रविवार युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मनोज पुत्र महावीर गौतम, उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम हड़हन पुरवा थाना हरगांव के रूप में हुई है। लोग आज सुबह खेतो की तरफ गए तब शव लटकता देख परिजनों को सूचित किया। रविवार को गांव के पश्चिम स्थित गन्ने के खेत के पास लगभग दस बजे युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर हरगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। सूचना पर सीतापुर से फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय सीतापुर भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा गांव

रुदौली -अयोध्या। क्षेत्र के ग्राम सभा सरैठा में आयोजित आदर्श श्रीरामलीला के पांचवें दिन भगवान श्रीराम के विवाह प्रसंग पर भव्य राम बारात निकाली गई। गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के बीच निकली शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय हो गया।राम बारात में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डीजे पर बज रही रामधुन और भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। शोभायात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भगवान श्रीराम की बारात के दर्शन के लिए सड़क के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही।शोभायात्रा के दौरान बाबा खाकीदास की कुटी पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की भव्य आरती उतारी गई।